इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में वर्ष 2023 के लिये शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार संयुक्त रूप से **डैनियल बारेनबोइम तथा अली अबू अव्वाद** को **इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष** के **अहिंसक समाधान** हेतु इज़रायल तथा अरब देशों के युवाओं व लोगों को एक साथ लाने के उनके प्रयासों के लिये प्रदान किया गया है।

- बारेनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानोवादक हैं तथा अव्वाद एक प्रतिष्ठित फिलिस्तीनी शांति कार्यकर्त्ता हैं जो **मध्य-पूर्व** में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान हेतु कार्य कर रहे हैं।

//

शांति, निरस्त्रीकरण और विकास हेतु इंदिरा गांधी पुरस्कार क्या है?

- **परिचय:**
  - भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सम्मान में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा **वर्ष 1986 से प्रत्येक वर्ष शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये इंदिरा गांधी पुरस्कार** प्रदान किया जाता है।
  - यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के क्षेत्र में **असाधारण योगदान के लिये व्यक्तियों अथवा संगठनों को मान्यता प्रदान** करता है।
  - यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है तथा इसे शांति और विकास के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मानों में से एक माना जाता है।
  - इसमें **एक प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपए का मौद्रिक पुरस्कार** शामिल है।
- **श्रेणियाँ:**
  - यह पुरस्कार **तीन श्रेणियों** में दिया जाता है– शांति, निरस्त्रीकरण और विकास।

- **मान्यता के लिये मानदंड:**
  - प्राप्तकर्त्ताओं को शांति, निरस्त्रीकरण और विकास से संबंधित महत्त्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के उनके असाधारण तथा निरंतर प्रयासों के आधार पर चुना जाता है।
  - उनके कार्य का अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव दिखना चाहिये और उन्हें मानव कल्याण की बेहतरी में योगदान देना चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indira-gandhi-peace-prize